नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

6 आपरेशन सिंदूर के दौरान : पाक को चीन, तुर्किए की मदद थी

5 दिल्ली को मिला नया स्वास्थ्य रोडमैप

8 अनिमेष कुजूर-मोह मद अफसल का कमाल

7 हथकरघा पर घटेगा जीएसटी भार

एक नजर में

एलन मस्क ने अमेरिका में की नयी पार्टी की घोषणा

लॉस एंजिल्स. मशहूर अरबपति एलन मस्क ने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने की घोषणा की है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से विवाद के कुछ हफ़्तों बाद एलन मस्क ने यह घोषणा की है. एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर बताया कि उन्होंने अमेरिका पार्टी बनाई है. इसका मकसद अमेरिका में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों की दो-दलीय राजनीति को चुनौती देना होगा. एलन मस्क ने कहा अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है .

कैब ड्राइवरों का सीरियल किलर गिरफ्तार

नयी दिल्ली . दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे सीरियल किलर अजय लांबा उर्फ बंसी को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 25 वर्षों से फरार था. आरोपी अपने गैंग के साथ मिलकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कैब ड्राइवरों की हत्या कर उनकी लाशें पहाड़ों की खाइयों में फेंक देता था. पुलिस के अनुसार, अजय 2001 से टैक्सी ड्राइवरों को किराए पर सुनसान जगह ले जाकर पहले बेहोश करता था, फिर गला दबाकर हत्या करता और शव को पहाड़ी इलाकों में फेंक देता था. लूटी गई गाड़ियों को नेपाल में बेच दिया जाता था.

सलाहुद्दीन समेत 11 के खिलाफ चार्जशीट

नयी दिल्ली . जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए नार्को-आतंकवाद मामले में हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन समेत 11 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) द्वारा 2022 में दर्ज मामले की जांच में पाकिस्तान से संचालित एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है, जो नशीली दवाओं की तस्करी के माध्यम से आतंकवाद के लिए फंडिंग कर रहा था. एसआईए प्रवक्ता के अनुसार, जांच में यह सामने आया है कि यह नेटवर्क जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों की तस्करी कर उसकी बिक्री से मिले पैसे का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिए करता था.

माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती : भारत

नयी दिल्ली . भारत सरकार ने आज कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक ''गलती है. केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे विदहेल्ड किया गया था. अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है. उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था. लेकिन ङ्ग ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है.

विचारों ने बदली भारत की परिभाषा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि सभा में बोले अश्विनी वैष्णव

नयी दिल्ली, 6 जुलाई. भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को दिल्ली में आयोजित पुष्पांजलि सभा में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके वैचारिक योगदान को भारत की एकता, अखंडता, संस्कृति और राजनीति में परिवर्तनकारी बताया.

यह आयोजन भाजपा की दिल्ली इकाई द्वारा किया गया, जिसमें वैष्णव के अलावा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ अन्य बीजेपी के नेता भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान वैष्णव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान रहा है. उनके विचारों से प्रेरित होकर हजारों कार्यकर्ता देश सेवा में लगे हैं और मोदी सरकार ने उनके सिद्धांतों को नीतियों के रूप में

लागू किया है. शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता देने की डॉ. मुखर्जी की सोच आज नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिलक्षित हो रही है.

अनुच्छेद 370 के उन्मूलन का श्रेय डॉ. मुखर्जी के संघर्षों को देते हुए कहा कि एक देश में दो विधान नहीं चल सकते यह विचारधारा उनके बलिदान से जुड़ी है. इस अवसर पर मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि. देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए. उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं. साथ ही जेपी नड्डा ने लिखा, अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और कार्यों से माँ भारती को गौरवान्वित करने वाले महान विचारक, करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तम्भ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन करता हूँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में हुआ था. भारत की एकता और अखंडता की दिशा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विजन करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है.

> केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर कहा, आजाद भारत के इतिहास में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एक ऐसे नाम हैं, जिनके लिए देश की एकता और अखंडता से बढ़कर कुछ भी नहीं था. उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्व में बंगाल तक, उन्होंने देश की इंच-इंच भूमि के लिए संघर्ष किया और जम्मू-कश्मीर से दो प्रधान, दो विधान, दो निशान समाप्त करने के संघर्ष में शहीद तक हो गए. जनसंघ की स्थापना से उन्होंने एक ऐसा राजनीतिक विकल्प दिया, जिसके मूल में भारतीयता थी.

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आज की भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक पूर्ववर्ती हैं. अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा.

बेटी की बीमारी के कारण बंगला खाली करने में हुई देरी : चंद्रचूड़

- सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल बंगला खाली करने का दिया निर्देश
- बंगले की समयसीमा दस मई 2025 को हो चुकी है समाप्त

नई दिल्ली, 6 जुलाई. भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सेवानिवृत्ति के आठ महीने बाद भी लुटियंस दिल्ली स्थित टाइप आठ सरकारी आवास में रहने को लेकर स्थिति स्पष्ट की है. उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने एक जुलाई को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय को पत्र लिखकर कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला संख्या 5 को तत्काल खाली कराने का आग्रह किया है, जो वर्तमान मुख्य न्यायाधीश के लिए आधिकारिक आवास है.

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे. उच्चतम न्यायालय न्यायाधीश नियम 2022 के अनुसार, सेवानिवृत्त होने के बाद किसी पूर्व मुख्य न्यायाधीश को टाइप सात बंगले में छह माह तक रहने की अनुमति होती है, जिसकी समयसीमा दस मई 2025 को समाप्त हो चुकी है. इसके बावजूद वे टाइप आठ बंगले में रह रहे हैं. इस पर उन्होंने अपनी बेटी की गंभीर बीमारी 'निमलाइन मायोपैथी' का हवाला देते हुए देरी की वजह बताई है.

उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बेटी विशेष चिकित्सकीय देखभाल की स्थिति में है और बंगले में उनके लिए गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) जैसी व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि खुले बाजार में ऐसी विशेष आवश्यकताओं वाला मकान ढूंढना संभव नहीं था, इसलिए उन्होंने सरकार से किराए पर अस्थायी आवास मांगा. सरकार ने उन्हें तुगलक रोड पर बंगला संख्या 14 आवंटित किया, जो कई वर्षों से बंद था और उसकी मरम्मत लंबित है.

अवैध उत्खनन पर 10 करोड़ का जुर्माना

- मऊगंज कलेक्टर ने खदान का पट्टा किया निरस्त
- कदुआमन बांध के डूब क्षेत्र में किया जा रहा था उत्खनन

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 जुलाई, मऊगंज जिले में स्वीकृत लीज से लगी शासकीय भूमि कदुआमन बांध के डूब क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने सहित एनजीटी के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर कलेक्टर ने लीज धारक पर 10 करोड़ 8 लाख का जुर्माना लगाया है और 15 दिन के अंदर जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश दिये है.

मऊगंज कलेक्टर संजय

कुमार जैन ने उक्त कार्यवाही एसडीएम के जांच प्रतिवेदन के बाद की है. जुर्माने के साथ स्वीकृत खदान का पट्टा भी निरस्त कर दिया गया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीधी जिले के चुरहट तहसील अंतर्गत नेंगुड़ा निवासी कृष्ण कुमार सिंह ने हर्रहा में खदान लीज पर ले रखी है. इस स्वीकृत खदान से सटी शासकीय जमीन है. लीजधारी ने शासकीय भूमि से पत्थर बोल्डर का अवैध तरीके से उत्खनन कराया.

शिकायत मिलने पर खदान और शासकीय भूमि की 8 मई को राजस्व अमले ने जांच की और जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौपा. जिसमें उल्लेख किया कि खदान नियमों की शर्तों का उल्लंघन कर उत्खनन किया गया है. लीजधारक ने स्वीकृत लीज से सटे कदुआमन बांध के डूब क्षेत्र पत्थर, बोल्डर का अवैध तरीके से उत्खनन किया, जो एनजीटी के प्रावधानों का उल्लंघन है. जांच के दौरान जब ब्लास्टिंग सर्टिफिकेट मांगा गया तो उपलब्ध नही कराया गया.

पैरोल पर आया सीरियल किलर सोहराब फरार

नयी दिल्ली. देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया कुख्यात सीरियल किलर सोहराब फरार हो गया है. कोर्ट से तीन दिन की पैरोल मिलने के बाद वह लखनऊ में अपनी पत्नी से मिलने आया था, लेकिन तय समय पर वापस जेल नहीं लौटा. इस घटना के बाद दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है. जेल प्रशासन ने मामले की जानकारी तुरंत संबंधित पुलिस इकाइयों को दी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एसटीएफ की संयुक्त टीमें सोहराब की तलाश में जुट गई हैं. सोहराब लखनऊ के सदर बाजार का निवासी है और उसका नाम हत्या, लूट और सुपारी किलिंग जैसे संगीन अपराधों में दर्ज है.

निवेश के लिए सीएम का रोड शो आज

- लुधियाना में मुख्यमंत्री करेंगे इंडस्ट्री विजिट्स
- सीएम डॉ. यादव उद्योग जगत से करेंगे सीधा संवाद

भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शोज़ के बाद अब मध्यप्रदेश के निवेश संवादों की तीसरी कड़ी के रूप में 7 जुलाई को लुधियाना में रोड शो का आयोजन किया जा रहा है.

देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों

में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योगजगत की हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना स्थित वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे. ये यात्रा उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षता और प्रबंधन प्रणाली की समझ को गहरा करने के साथ-साथ इन समूहों के साथ संभावित निवेश के बिंदुओं पर चर्चा का अवसर भी प्रदान करेगी. मुख्यमंत्री उद्योगों की कार्य संस्कृति और नवाचार क्षमताओं को जानने के साथ मध्यप्रदेश में व्यवहारिक सहयोग के रास्ते भी तलाशेंगे.

पटरी से उतरा मालगाड़ी का डिब्बा

रेलवे अधिकारियों की कमेटी करेगी घटना की जांच

नवभारत न्यूज

सलामतपुर. 06 जुलाई. रायसेन जिले के दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास एक बड़ा हादसा टल गया वरना बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी. शनिवार-रविवार के देर रात करीब 3.30 बजे चेन्नई डिविजन से अंबाला डिवीजन की ओर जा रही मालगाड़ी की एक डब्बा अचानक पटरी से उतर गया. यह घटना डाउन ट्रैक पर हुई, जिससे रेल पटरी के स्लीपर भी क्षतिग्रस्त हो गए.

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और राहत के साथ

मरम्मत का कार्य शुरू किया. रेलवे भोपाल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि मालगाड़ी चेन्नई डिवीजन से चलकर अंबाला डिवीजन की ओर जा रही थी. मालगाड़ी में ऑटोमोबाइल लदा हुआ है. मिडिल लाइन से डाउन लाइन पर जाते वक्त लोको से 15 वें नंबर का डब्बा पटरी से नीचे उतर गया, जिससे ट्रैक डैमेज हुआ.

रोहतांग के पास कार खाई में गिरी, 4 की मौत

नयी दिल्ली. हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में रविवार को रोहतांग दर्रे के पास राहनीनाला में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसा उस समय हुआ जब तेज बारिश के बीच एक कार फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी. मनाली के डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि कार में पांच लोग सवार थे. चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है. पुलिस और राहत दल मौके पर बचाव कार्य में जुटे हैं. हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है.

बायोबैंक से खुलेगा इलाज का मार्ग

आईजीआईबी में नेशनल बायोबैंक के शुभारंभ पर बोले जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली, 8 जुलाई. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को दिल्ली स्थित सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) में अत्याधुनिक फेनोम इंडिया नेशनल बायोबैंक का शुभारंभ किया.

उन्होंने कहा कि यह पहल प्रत्येक भारतीय को आनुवंशिकी, जीवनशैली और पर्यावरण के अनुसार व्यक्तिगत इलाज की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है. इस बायोबैंक के माध्यम से देशभर के 10,000 नागरिकों से

जीनोमिक, क्लिनिकल और लाइफस्टाइल डेटा एकत्र किया जाएगा, जिससे एक दीर्घकालिक स्वास्थ्य डाटाबेस विकसित होगा. यह प्रणाली यूके के बायोबैंक मॉडल से प्रेरित है, लेकिन इसे भारतीय भौगोलिक और सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य में विशेष रूप से अनुकूलित किया गया है.

डॉ. सिंह ने वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा, व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल अब सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि भारतीय नवाचारों के चलते हकीकत बनती जा रही है. उन्होंने भारतीयों में पाई जाने वाली 'सेंट्रल ओबेसिटी' की चुनौती को रेखांकित किया, जो दुबले लोगों में भी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है. उन्होंने कहा कि यह बायोबैंक डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों के बेहतर निदान व इलाज को संभव बनाएगा.

बंगलादेश में चुनाव में विलंब लोकतंत्र विरोधी : बीएनपी

ढाका, 06 जुलाई. बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा है कि संसदीय चुनाव में देरी की मांग करने वाले न तो लोकतंत्र के पक्षधर हैं और न ही पिछले साल जुलाई-अगस्त में शेख हसीना सरकार को गिराने वाले आंदोलन के समर्थक हैं. रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने रविवार को कहा, लोग तुरंत चुनाव चाहते हैं. हमने पहले भी कई बार यह कहा है और हम इसे फिर से कह रहे हैं. फिलहाल बंगलादेश में शासन नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और मुख्य सलाहकार के रूप में नियुक्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा चलाया जा रहा है.

ब्राजील पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी | ब्राजील में भारतीयों ने दिखाई ऑपरेशन सिंदूर की झांकी

भारत-ब्राजील संबंधों को मिलेगी नई ऊर्जा : पीएम

रियो डी जेनेरियो/नयी दिल्ली, 6 जुलाई . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पांच देशों के विदेश दौरे के चौथे चरण में शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को ब्राजील पहुंचे, जहां वे 6 और 7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे.

ब्राजील के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचने पर ब्राजील सरकार की ओर से विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और रियो डी जेनेरियो के गवर्नर क्लॉडियो कास्त्रो ने उनका औपचारिक स्वागत किया. एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया.

एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रियो डी जेनेरियो, ब्राजील पहुंच चुका हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा. इसके बाद ब्रासीलिया में राष्ट्रपति लूला के आमंत्रण पर राजकीय यात्रा करूंगा. मैं उपयोगी संवादों की आशा करता हूं. ब्राजील पहुंचने पर भारतीय प्रवासी समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया. पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति की. जिसे मोदी ने बड़ी माध्यम से भारतीय संस्कृति और वीरता को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया. पीएम मोदी ने कलाकारों से भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि प्रवासी भारतीय न केवल भारत की संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं, बल्कि भारत के विकास के लिए भी उतने ही भावुक हैं. प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा न केवल ब्रिक्स मंच पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित करती है, बल्कि भारत-ब्राजील संबंधों में नई ऊर्जा का संचार भी करेगी.

> पहले प्रधानमंत्री मोदी अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंचे थे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली से व्यापक द्विपक्षीय वार्ता की. इस दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, फार्मास्युटिकल और खनिज सहयोग पर सहमति बनी. अर्जेंटीना सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को 'Key to the City' सम्मान से सम्मानित किया जो किसी भी विदेशी मेहमान को दी जाने वाली सबसे प्रतिष्ठित प्रतीकात्मक उपाधि मानी जाती है.

धर्मांतरण का नेटवर्क बेनकाब

- मास्टर माइंड 'छंगुर बाबा' और नसरीन गिरफ्तार
- जाति के हिसाब से अलग-अलग तय थी रकम

लखनऊ/नई दिल्ली, 6 जुलाई. उत्तर प्रदेश एटीएस ने बलरामपुर जिले के उटरौला कस्बे से एक संगठित धर्मांतरण गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छंगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया है.

आरोप है कि यह गिरोह गरीबों, मजदूरों, विधवाओं और विशेष रूप से युवतियों को लालच, झांसे और डर के माध्यम से इस्लाम धर्म में परिवर्तित करता था. जांच में सामने आया है कि हर

जाति की लड़की के धर्मांतरण के लिए अलग-अलग रकम तय थी. ब्राह्मण, क्षत्रिय और सिख लड़कियों के लिए 15-16 लाख, पिछड़ी जातियों के लिए 10-12 लाख और अन्य वर्गों के लिए 8-10 लाख रुपये. यह नेटवर्क न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी फैला था. छंगुर बाबा ने 40 से अधिक बार खाड़ी देशों की यात्रा की और लगभग 100 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग प्राप्त की, जो 40 से अधिक बैंक खातों के जरिए उपयोग की गई.